भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †34
सोमवार, 3 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

थावे पीठ का विकास

†34. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत सरकार के धार्मिक स्थल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार के गोपालगंज जिले के थावे पीठ को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार संसद सदस्यों द्वारा बड़ी संख्या में अभ्यावेदन देने के बावजूद बिहार के गोपालगंज जिले के थावे पीठ को विकसित करने पर विचार नहीं कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और कारण क्या हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय संवर्धनात्मक गतिविधियों, कार्यक्रमों, वेबसाइट, सोशल मीडिया संवर्धनों आदि के माध्यम से बिहार सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है।

पर्यटन मंत्रालय, "तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान" (प्रशाद) योजना के अंतर्गत बिहार राज्य सहित, चिह्नित तीर्थ गंतव्यों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पर्यटन मंत्रालय ने बिहार राज्य में पटना साहिब का विकास और विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास नामक 2 परियोजनाओं को पहले ही स्वीकृत कर दिया है। इसके अतिरिक्त, प्रशाद योजना के अंतर्गत बिहार में विकास के लिए आमी मंदिर, सारण जिला और सिमरिया घाट, बेगूसराय जिला नामक दो स्थलों को चिह्नित किया गया है। थावे पीठ के विकास के लिए कोई प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है, क्योंकि बिहार राज्य सरकार से निर्धारित प्रपत्र में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****